**दिनांक 12.07.2024 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुर्नगठन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुर्नगठन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 12.07.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें–

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), हमीरपुर।
2. श्री राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
3. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
4. श्री मानवेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5. शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
6. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियंता, इले0 एण्ड मैके0, एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर।
7. श्री नरैन सिंह गिल, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
8. श्री आर.के.शुक्ला, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
9. श्री शैलेन्द्र गुप्ता, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
10. श्री राकेश पारिख, डी0पी0एम0, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
11. श्री प्रभांशु गुप्ता, सीनियर इंजीनियर, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
12. श्री सोनू कुमार, मै0 अनिल कुमार शर्मा।
13. श्री अशोक कुमार, प्रोजेक्ट को–आर्डिनेटर, डी0पी0एम0 श्री हरि इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स।
14. श्री धीरेन्द्र सिंह, बी0के0 कन्सट्रक्सन।
15. श्री सै0सूजा अब्बास, साईट इंजि0, मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता।
16. श्री हिमांशू सिंह, अवस्थी कन्सट्रक्सन।
17. श्री प्रिन्स सिंह, जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्सन।

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना में 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना में 01 इन्टेकवेल, 01 डब्लू0टी0पी0, 10 सी0डब्लू0आर0, 46 अवर जलाशय 306.63 किमी0 राइजिंगमेन, 908.886 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 47940 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत हैः–

फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि **इन्टेकवेल**(45 एम0एल0डी0), **डब्लू0टी0पी0**(45एम0 एल0डी0), **10 सी0डब्लू0आर0, 10 पम्पहाउस, 46 अवर जलाशय, वितरण प्रणाली तथा टेस्टिंग कमिशनिंग** का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**रेगुलर वाटर सप्लाईः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 131 ग्रामों में फ्लशिग व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर 110 ग्रामों में निरंतर जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा योजना से आच्छादित किसी भी ग्राम में शत प्रतिशत जलापूर्ति नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर खेद प्रकट किया गया, निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाकर यदि कार्य अवशेष हो तो पूर्ण करायें तथा सभी ग्रामों में निरंतर रूप से रोस्टर के अनुसार पेयजल की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। योजना से आच्छादित सभी ग्राम पंचायत केन्द्र/प्रा0/उ0प्रा0 विद्यालयों में पेयजल आपूर्ति का समय/रोस्टर अंकित करा दिया जाय।

**रोड रेस्टोरेशनः**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 110 ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण तथा 21 ग्रामों में शेष है। रोड़–रेस्टोरेशन कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया कि पर्याप्त समय दिये जाने के बाद भी कार्य अभी पूरा नहीं किया गया है तथा 02 सप्ताह में मात्र 01 ग्राम का रेस्टोरेशन कार्य किया गया है। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन



Scanned with OKEN Scanner

का कार्य अवशेष है, उसे पर्याप्त टीम लगाकर पूरा कराया जाय। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 20 जुलाई 2024 तक रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 104 राजस्व ग्राम के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जा चुके हैं तथा 27 ग्रामों में शेष हैं। हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट किया गया, 02 सप्ताह में एक भी हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त नहीं किया गया है, जिससे प्रतीत होता है कि गैप क्लोजिंग/नल संयोजन का कार्य पूर्ण न होने के कारण सभी ग्रामों में निरंतर जलापूर्ति नहीं की जा रही है, जिसके कारण हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि कार्ययोजना के अनुसार पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें। फर्म को रेगुलर पेयजल की आपूर्ति सम्पूर्ण ग्राम में कार्ययोजना बनाकर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित अधिकांश ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है तथा रेगुलर वाटर सप्लाई नहीं की जा रही है। यदि एक सप्ताह में कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होता है, तो कार्यदायी फर्म के विरूद्ध अनुबंधानुसार कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को अवगत कराते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही एवं भूजल आधारित पाइप पेयजल योजना</u>**

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना के माध्यम से कुरारा के 28 ग्राम सम्मिलित है तथा 11 ग्रामों की वाटर डिमांड ली गयी है तथा हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पेयजल योजना के माध्यम से विकास खण्ड मुस्करा, सरीला, राठ एवं गोहाण्ड के 167 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना</u>–:**

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 MLD), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 MLD), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0, राइजिंगमेन 84.084 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 तथा 9636 FHTC के सापेक्ष सभी कार्य पूर्ण कर निरंतर जलापूर्ति की जा रही है।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना</u>–:**

हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 123 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर तथा 53504 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित सभी 123 नग नलकूप, 123 पम्प हाउस, 01 सी0डब्लू0आर0, 118 अवर जलाशय, 975 किमी राइजिंगमेन, 7.3 किमी0 वितरण प्रणाली, 53504 नग नल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**रोड रेस्टोरेशनः**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 161 राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरशन किया जा चुका है तथा 6 ग्रामों में कार्य शेष है। अधि0अभि0, जल नि0(ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा रोड–रेस्टोरेशन हेतु आवश्यक 06 टीमों के सापेक्ष मात्र 03 टीमें लगायी गयी हैं, जिससे कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड रेस्टोरेशन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन/बी0ओ0ई0 का कार्य अवशेष है पर्याप्त मानवश्रम लगाकर यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। कार्यदायी फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–20.07.2024 तक रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा।



Scanned with OKEN Scanner

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंग:**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल भूजल योजना में सभी 167 ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण कर निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही हैं। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि सभी ग्रामों में निरंतर जलापूर्ति नहीं की जा रही है, बीच–बीच में जलापूर्ति बन्द कर दी जाती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि योजना से आच्छादित सभी ग्रामों में निर्बाध रूप से रोस्टर के अनुसार पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**हर घर जल सर्टीफिकेट:**–कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम भूजल योजना के अन्तर्गत 153 राजस्व ग्रामों का हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका तथा 13 ग्रामों में शेष है। हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया। फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन, एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए कार्ययोजना के अनुसार **शत–प्रतिशत** हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 18.07.2024 तक 11 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा।

## पुर्नगठन पेयजल योजना

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन की पुर्नगठन योजना में 11 पैकेज के कुल 108 ग्राम आच्छादित हैं। पुर्नगठन योजना का अनुबंध अगस्त, 2023 में किया गया है।

**1–मै0 अनिल कुमार:–**

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 02 अवर जलाशयों के टाप डोम तथा 02 नलकूपों व पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**वितरण प्रणाली:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 30.20 किमी0 पाइप लाइन का कार्य पूर्ण एवं 1.30 किमी0 पाइप लाइन का कार्य शेष है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा अभी तक पाइप की आपूर्ति नहीं की गयी है, जिससे कार्य बाधित है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब अवशेष पाइप लाइन की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए कार्य पूर्ण करायें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–17.07.2024 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**रोड़–रेस्टोरेशन:**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 01 ग्राम में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण तथा 02 ग्रामों में कार्य शेष है तथा आवश्यक 02 टीमों के सापेक्ष मात्र 01 टीम लगायी गयी है, ग्राम पौथिया बुजुर्ग में मानवश्रम के आभाव में कार्य बन्द है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड़–रेस्टोरेशन की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें। फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि ग्राम पौथिया बुजुर्ग में दिनांक 04.07.2024 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**2–मै0 श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0:–**

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 01, 03, 04, 06 के अन्तर्गत कुल 45 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

**पम्प हाउस:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सभी 23 नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 23 पम्प हाउस के 20 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण तथा 03 पर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया विगत सप्ताह से कार्य में प्रगति नहीं हुई है, पर्याप्त मानवश्रम लगाकर पम्प हाउस कार्य 07 दिवस में पूर्ण करायें।

**अवर जलाशय:**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 25 अवर जलाशयों के सापेक्ष 17 अवर जलाशयों के टाप डोम का कार्य पूर्ण किया गया है तथा 8 पर कार्य शेष है। अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि सभी अवर जलाशयों पर निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं



Scanned with OKEN Scanner

मानकों के अनुरूप तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर एक साथ तथा समान्तर रूप से कार्य करायें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 19 जुलाई, 2024 तक अवशेष सभी अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**रोड़–रेस्टोरेशनः**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा बताया गया कि 45 ग्रामों के सापेक्ष 32 ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण तथा 13 ग्रामों में शेष है। रोड़–रेस्टोरेशन की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करे, जिससे ग्रामीणों को वारिस में अवागनन में असुविधा न हो। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि जुलाई, 2024 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**3–मै0 बी0के0 कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनी:**–

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 08, 09 के अन्तर्गत कुल 26 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

**नलकूपः**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया 25 नलकूपों के सापेक्ष 22 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 02 नलकूप पर कार्य शेष है। 25 पम्प हाउस के सापेक्ष 19 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 01 पर कार्य प्रगति पर तथा 05 पम्प हाउस पर कार्य बन्द है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा नलकूप तथा पम्प हाउस की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया, कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप नलकूप तथा पम्प हाउस का कार्य दिनांक–18.07.2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशयः**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 07 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 01 पर कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र पर्याप्त मानवश्रम लगाकर निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करायें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–18.07.2024 तक अवशेष जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**रोड़–रेस्टोरेशनः**– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 05 ग्रामों में रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण तथा 16 ग्रामों में शेष है, फर्म द्वारा आवश्यक 16 टीमों के सापेक्ष मात्र 06 टीमें लगायी गयी है। रोड़–रेस्टोरेशन की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर हाइड्रोटेस्टिंग कराने के बाद रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर मानक के अनुरूप पूर्ण करायें। फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–20.07.2024 तक 04 ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**4–मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 02 के अन्तर्गत कुल 05 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

**नलकूपः**–फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 11 नलकूपों के सापेक्ष सभी नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 11 पम्प हाउस के सापेक्ष 05 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण तथा 06 पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विगत माह से पम्प हाउस कार्य की प्रगति शून्य है, जो खेदजनक है। फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 20 जुलाई, 2024 तक 02 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**अवर जलाशयः**– अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 04 अवर जलाशयों में से 01 अवर जलाशय का टाप डोम का कार्य पूर्ण तथा शेष पर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर सभी अवर जलाशयों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य कराना सुनिश्चित करें। फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि 01 अवर जलाशय का कार्य दिनांक–18.07.2024 तक तथा 02 अवर जलाशय दि0 18.08.2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

**रोड़–रेस्टोरेशनः**–अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 05 ग्रामों के सापेक्ष मात्र 02 ग्राम में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण तथा 03 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड़–रेस्टोरेशन की



Scanned with OKEN Scanner

धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया कि विगत 02 माह से रोड़–रेस्टोरेशन कार्य की प्रगति शून्य है तथा फर्म को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय।

**5–मै0 अवस्थी ट्यूबेल:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 5 के अन्तर्गत कुल 11 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

**अवर जलाशय:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 05 अवर जलाशयों के सापेक्ष 04 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर शेष अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। फर्म द्वारा आवश्वासन दिया गया कि 20.07.2024 तक अवशेष सभी अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**रोड़–रेस्टोरेशन:–**अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 10 ग्रामों के सापेक्ष 09 ग्राम में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**6–मै0 जय माँ लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 10 व 11 के अन्तर्गत कुल 17 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है।

**नलकूप:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 10 नलकूपों के सापेक्ष सभी नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 07 पम्प हाउस पर कार्य पूर्ण, 03 पर कार्य शेष हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया, फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकानुसार कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**अवर जलाशय:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 06 अवर जलाशयों के सापेक्ष 02 पर कार्य पूर्ण 03 पर कार्य प्रगति पर तथा 01 अवर जलाशय पर कार्य बन्द है। अवर जलाशय की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर सभी अवर जलाशयों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**रोड़–रेस्टोरेशन:–**अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 17 ग्रामों के सापेक्ष मात्र 5 ग्राम में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया गया है तथा आवश्यक 10 टीमों के सापेक्ष मात्र 05 टीमें लगायी गयी हैं, जिससे कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवशक्ति लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें। **सभी कार्यदायी फर्मों को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु के आगमन के दृष्टिगत रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर दिनांक–18.07.2024 तक पूर्ण कर ली जाय, जिससे बरसात के समय असहज स्थिति उत्पन्न न हो। उक्त के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**विद्युत संयोजन:–**सहायक अभियंता वि0/यॉ0, एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर द्वारा अवगत बताया गया कि विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर क्षेत्रान्तर्गत पुनर्गठन योजनान्तर्गत कुल 28 विद्युत संयोजन किये जाने है, जिसके सापेक्ष 23 विद्युत संयोजनों हेतु प्राक्कलन धनराशि जमा कर दी गयी है, अभी तक केवल 01 विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया है, 2 विद्युत संयोजनों हेतु ट्रांसफार्मर इन्टालेशन का कार्य पूर्ण तथा 07 विद्युत संयोजन हेतु कार्य प्रगति पर है। 13 विद्युत संयोजनों हेतु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक–19.07.2024 तक अवशेष सभी 12 घटकों पर विद्युत संयोजन हेतु कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

सहायक अभियंता वि0/यॉ0, एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर द्वारा बताया गया कि वि0वि0ख0 राठ क्षेत्रान्तर्गत पुर्नगठन पेय0यो0 के तहत विभिन्न घटकों पर कुल 45 विद्युत संयोजन के सापेक्ष 30 विद्युत संयोजनों हेतु प्राक्कलन धनराशि का



Scanned with OKEN Scanner

भुगतान कर दिया गया है। विद्युत वितरण खण्ड, राठ द्वारा 21 घटकों पर विद्युत संयोजन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी जिनमें से 13 विद्युत संयोजनों हेतु ट्रांसफार्मर इन्सटॉल कर दिया गया है किन्तु अभी तक ऊर्जीकृत नहीं किया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर/राठ को निर्देशित किया गया कि योजना के विभिन्न घटकों पर कार्ययोजना बनाकर विद्युत संयोजन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण की जाय, जिससे योजना में अनावश्यक विलम्ब न हो। समस्त कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन तथा प्रभावी पैरवी करते हुए विद्युत सुरक्षा निदेशालय से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि योजना के सभी घटकों यथा नलकूप, पम्प हाउस, अवर जलाशय, पाइप लेइंग, नल संयोजन आदि पर अवशेष कार्यो को पर्याप्त मानवशक्ति तथा मशीनरी लगाकर एक साथ समान्तर रूप से निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय।

यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सडक/सी.सी. रोड/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग के पश्चात पूर्व की स्थिति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो गया है। जिन ग्रामों में शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, नियमानुसार 'हर घर जल' ग्राम घोषित कराया जाय। ग्रामों में पेयजल आपूर्ति का रोस्टर तैयार कर उसका प्रचार–प्रसार कराया जाय। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एन0सी0 व्यक्तिगत रुचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप करायें तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

20/7/24

(सुरेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या–729/न0गंगे–पे0यो0–स0बै0(2024–25) दिनांक– 20 जुलाई, 2024

**प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा को इस आशय से कि पुर्नगठन योजनाओं के अनुबंध की शर्तों के अनुरूप कार्यवाही कर अवगत करायें।
7. अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर/राठ।
8. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
9. अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई–मेल द्वारा)
10. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner